No. Estt/ 2637
H.P. Forest Department

Dated Mandi, the 02-07-2021

From: Chief Conservator of Forests
Mandi Forest Circle Mandi.

To: The Director,
Information and Public Relations,
Himachal Pradesh, Shimla.

**Subject:** **Filling up of the vacant post of Forest Guards against direct quota on contract basis in Mandi Forest Circle.**

Sir,

2 It is informed that Govt. of HP vide letter No.Ft. 440-13/80 (E-II) 2019 dated 18.06.2021 has conveyed the approval to fill up 311 posts of Forest Guards on contract basis in Forest Department. Out of 311 posts, 38 posts have been allotted to Mandi Forest Circle. Advertisement for procedure and criteria of selection in this regard is required to be published in the daily news papers. In view of it, as advertisement regarding recruitment of Forest guards on contract basis in HP Forest Department, Mandi forest circle is enclosed herewith.

It is therefore, requested that this advertisement may please be got published in " Giriraj weekly" and one Hindi and one English Daily news papers by 05.07.2021 positively.

Encl: As above

Chief Conservator of Forests,
Mandi Forest Circle, Mandi

# सार्वजनिक सूचना

## वन विभाग हिमाचंल प्रदेश में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

## मण्डी वन वृत मण्डी ।

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के मण्डी वन वृत में वन रक्षकों के कुल 38 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है। इन पदों को सरकार दवारा अनुमोदित भर्ती एवं पदोन्नति नियम के तहत अनुबन्ध आधार **(on contract basis)** पर (वेतनमान रू **5910-20200+GP 2000**) भरा जाना है। अनुबन्ध आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए भर्ती की जाएगी तथा जिसका वर्षानुवर्ष नवीकरण/अवधि विस्तार, वर्ष के दौरान सन्तोषजनक सेवा और आचरण सम्बन्धित अरण्यपाल दवारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा। भरे जाने वाले पदों का श्रेणीबार ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

| श्रेणी | अनारक्षित | भूतपूर्व सैनिक | गृह रक्षक | आर्थिक कमजोर वर्ग(EWS)/ आई0आर0 डी0पी0 | स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रित | योग | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य | 8 | 2 | 3 | 4 | 0 | 17 | 38 |
| 2. अनुसूचित जाति | 4 | 2 | 2 | 2 | 1 | 11 | |
| 3. अनुसूचित जनजाति | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | |
| 4. अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 8 | |
| कुल | 15 | 6 | 8 | 7 | 2 | 38 | |

नोटः–1. भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अन्तर्गत उपरोक्त वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती, भूतपूर्व सैनिक रोजगार सैल (कार्यालय) हमीरपुर दवारा की जाएगी।

### पात्रता की शर्तें:–

1. उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
2. उम्मीदवार का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय मे पंजीकृत/नवीनकृत **(Renewal)** होना अनिवार्य है।
3. उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 2021 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नोटः–अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

4. उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय से दस जमा दो **(10+2)**की कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा उतीर्ण की होनी चाहिए।
5. उम्मीदवार को हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान होना चाहिए और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्त होना चाहिए।
6. **न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–**

| मापदण्ड | पुरूष | | महिला | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| लम्बाई | 165 सैंटीमीटर | | 150 सैंटीमीटर | | अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की बावत शारीरिक मानदण्ड लम्बाई में 5 सैंटीमीटर तक की छूट दी जाएगी। |
| छाती का माप | बिना फुलाए 79 सैंटीमीटर | फुलाकर 84 सैंटीमीटर | बिना फुलाए 74सैंटीमीटर | फुलाकर 79सैंटीमीटर | अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को छाती को फुलाए बिना और फुलाकर प्रत्येक की बावत माप में 4सैंटी मीटर की छूट दी जाएगी। |

### भर्ती प्रकियाः

1. जो उम्मीदवार उपरोक्त न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड पूरे करते होगें,वे ही शारीरिक दक्षता परीक्षण के योग्य होगें, उसके उपरान्त उन्हें ही शारीरिक दक्षता परीक्षण में उतीर्ण होना अनिवार्य होगा।

शारीरिक दक्षता परीक्षण **(Physical Efficiency Test)** हेतु माप दण्डः–

| दौड़ | पुरूष | | महिला | | नोटः इनमें केवल एक ही अवसर दिया जाएगा। |
|---|---|---|---|---|---|
| | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | |
| | 100 मीटर | 14 सैकेण्ड | 100 मीटर | 17 सैकेण्ड | |
| | 800 मीटर | 2 मिनट 45 सैं0 | 800 मीटर | 4 मिनट 15 सैं0 | |
| उंची कूद/लम्बी छलांग **(High/Long Jump)**कम से कम | उंची कूद **(High Jump)** | लम्बी छलांग **(Long Jump)** | उंची कूद **(High Jump)** | लम्बी कूद **(Long Jump)** | नोटः उंची कूद एवम् लम्बी छलांग के लिए उम्मीदवार को अधिकतम तीन अवसर दिये जाएगें। |
| | 1.25 मीटर | 4 मीटर | 100 सैंटीमीटर | 3 मीटर | |

2. जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उतीर्ण होगें केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा **(Written Test)**मे बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 80 **Objective Type** प्रश्न होंगें जिनके उत्तर हेतु 65 मिनट का समय

दिया जाएगा। यह दस जमा दो **(10+2)** कक्षा के स्तर या **equivalent standard** का होगा और इसमें भाषा, सामान्य विज्ञान व ज्ञान, प्रदेश के प्रति जानकारी तथा सामान्य जंगलों के प्रति जागरूकता, वातावरण एवमं वन्यप्राणी, **reasoning and aptitude** इत्यादि प्रश्न शामिल होंगें। उत्तर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली /काली स्याही का बॉल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा।

3. लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधारित योग्यता सूचि **(Merit List)** के अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन हेतू बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें अलग से सूचित किया जाएगा।

लिखित परीक्षा तथा मूल्यांकन के लिए निर्धारित अधिकतम अंको का विवरण निम्नलिखित है:

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| लिखित परीक्षा | 85 |
| मूल्यांकन परीक्षण | 15 |
| योग | 100 |

आवेदक के लिए निर्देश :

**i.** इच्छुक उम्मीदवार केवल वन विभाग की वैबसाईट पर आनलाईन आवेदन कर सकता है । वन विभाग की यू0आर0एल0 **(Uniform Resource Locater)** यह है:–**www.hpforest.nic.in**. आनलाईन आवेदन के लिए विभागीय वैबसाइट दिनांक 06.07.2021 से 19.08.2021 तक ही खुली होगी।

**ii** आनलाईन प्रपत्र को भली भान्ति पढ़ कर आवेदक अपने आयु, शैक्षिक अहर्ता, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग (सामान्य वर्ग के अतिरिक्त), आई0 आर0 डी0 पी0, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाण पत्रों, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड इत्यादि को भली भान्ति आवेदन प्रपत्र में दिए गए/ भरे गए प्रमाण पत्रों की जांच शारीरिक दक्षता परीक्षण के दिन की जाएगी । अतः प्रत्येक प्रमाण पत्र की एक–एक छायाप्रति का सैट जॉच अधिकारी को दिया जाएगा तथा जॉच करने के उपरांन्त यदि ठीक पाए जाएगे तभी शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतू उम्मीदवार को मान्यता दी जाएगी। आवेदक अपने साथ आनलाईन डाउनलौड किया गया **Admit Card** साथ लाएगा। विना **Admit Card** के उम्मीदवार मान्य नही होगा।

**iii** आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ अवश्य लाएं।

**a** दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,दस जमा दो**(10+2)** प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि कोई हो।

**b** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ,पिछड़ा वर्ग,स्वतन्त्रता सेनानियों के बच्चों/पौत्र/पौत्री/आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों का नवीनतम प्रमाण पत्र।

**c.** एन0सी0सी0/एन0एस0एस0/खेल,अन्य पाठय सहायक कियायों में भाग लेने इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र।

**d.** हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम दर्ज होने का प्रमाण पत्र**(Employment Registration Card)** तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 4 प्रतियां अपने साथ अवश्य लाएं।

**iv** शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथि एवं स्थान के बारे आवेदकों को आनलाईन सूचित किया जाएगा।

**v** यदि कोई आवेदक शारीरिक जांच, शारीरिक दक्षता परीक्षण, लिखित परीक्षा व मूल्यांकन परीक्षण के लिए निर्धारित तिथि, समय एवमं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण निर्धारित तिथि को पूरी नहीं होती है तो यह प्रकिया अगले दिन भी जारी रहेगी।

**vi** उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**vii** उम्मीदवार अन्य विस्तृत जानकारी हेतू हिमाचल प्रदेश की **website hpforest.nic.in** से या वन वृत कार्यालय मण्डी से भी प्राप्त कर सकते है।

नोट : हिमाचल प्रदेश सरकार बिना कोई कारण बताये व बिना शर्त इस चयन प्रकिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखती है। पदों की संख्या सरकार के निर्देशानुसार बढाई या घटाई जा सकती है।

वन वृत मण्डी दूरभाष न0: 01905–235447, 235379

मुख्य अरण्यपाल
मण्डी वन वृत ,मण्डी।
पिन कोड –175001